तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार, 24 मार्च 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 प्रसव कक्ष, ओटी, पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण



14 कालिका चौक में शहीद हेमू कलाणी की मूर्ति का हुआ अनावरण






एसएमसी हॉस्पिटल
अजुर्नी, धमतरी
नवनिर्मित, सर्वसुविधायुक्त, 100 बिस्तरों का हॉस्पिटल
● अनुभवी विशेषज्ञों की टीम ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा इलाज
संपर्क करें - 77250-01343, 77250-46397

- जनरल सर्जरी - हर्निया, हाइड्रोसील, बवासीर
- स्त्री रोग - नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी, हिस्टेरेक्टॉमी
- मेडिसिन - शुगर, बीपी, थाइरोइड, अस्थमा
- शिशु रोग - नवजात से लेकर किशोर बच्चो का इलाज
- एंडोस्कोपी - पेट, लिवर, पैंक्रियास की बीमारियां
- लेप्रोस्कोपी सर्जरी - पित्त की थैली की पथरी, ईईजी, टीएमटी, कॉल्पोस्कोपी, ईसीजी, मैमोग्राफी जैसे अत्याधुनिक मशीनों से जाँच एवं इलाज की सुविधा।



डॉ. प्रदीप साहू
एमबीबीएस, एमएस, एमसीएच, शल्यचिकित्सा विशेषज्ञ

छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2024
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
24/03/2024
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

## खबर संक्षेप

### विप्र विद्वत परिषद का होली मिलन 26 को

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद का होली मिलन कार्यक्रम 26 मार्च मंगलवार को दोपहर 12 बजे परिषद भवन में आयोजित किया गया है। फाग गीत के साथ होली मिलन कार्यक्रम सम्पन्न होगा। परिषद के अध्यक्ष पंडित अशोक कुमार शास्त्री ने परिषद के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है। यह जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने दी है।

### गोंड़ समाज का होली मिलन व शपथ ग्रहण 29 को

**अंवरी।** कुरुद गोंड़ समाज विकास समिति जिला धमतरी का होली मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह 29 मार्च को सुबह 11 बजे से आदिशक्ति मां अंगार मोती ट्रस्ट गंगरेल के सभाहाल परिसर में आयोजित किया गया है। जिले के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जिला गोंड़ समाज के संरक्षक जीवराखनलाल मरई शपथ दिलाएंगे। सचिव उदय नेताम ने सामाजिक बंधुओं से उपस्थित होने की अपील की है।

### मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति गठित

**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया है। उक्त समिति में आंशिक संशोधन किया गया है। जारी आदेश के तहत समिति की अध्यक्ष कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी होंगी। समिति के सदस्य के तौर पर अपर कलेक्टर जी.आर.मराकम, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शब्बीर हुसैन, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी उपेन्द्र चन्देल, पत्रकारगण सुभाष साहेब, मेघराज ठाकुर और सहायक सूचना अधिकारी, जिला जनसम्पर्क कार्यालय अमित कुमार नुणीवाल को समिति में सदस्य सचिव के तौर पर शामिल किया गया है।

### जांच के लिए मंडल से मिली हैं 96600 उत्तरपुस्तिकाएं

# कैमरों के साये में शुरू हुआ बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

इस बार बालक उमा शाला की जगह गर्ल्स स्कूल में उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है। 14 अप्रैल तक मूल्यांकन के लिए टाइम लिमिट तय की गई है। मूल्यांकन में पहले दिन 457 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई। यह संख्या और बढ़ेगी।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार को शिवसिंह वर्मा कन्या शाला में 10वीं और 12वीं की की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू किया गया। मूल्यांकन शुरू करने से पहले शिक्षकों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। माध्यमिक शिक्षा मंडल से आए अधिकारी श्री अग्रवाल ने मूल्यांकन केंद्र का गहराई से निरीक्षण किया। उन्होंने मूल्यांकन सफलतापूर्वक करने के लिए शिक्षकों को कई टिप्स भी दिए। पहला दिन होने के कारण मूल्यांकन कार्य थोड़ा विलंब से शुरू हुआ। मूल्यांकन केंद्र के केंद्राध्यक्ष बी. मैथ्यू ने बताया कि मूल्यांकन के लिए मंडल से कुल 96600 उत्तरपुस्तिकाएं भेजी गई हैं। इसमें 10 वीं के 5 विषय की 61290 कापी और 12वीं के 8 विषय की 35310 कापी शामिल है। इन उत्तरपुस्तिकाओं को पुलिस सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में रखा गया है। मूल्यांकन के लिए स्टांग रूम खोलकर शिक्षकों को उत्तर पुस्तिकाएं दी जाती हैं और मूल्यांकन के बाद इसे यहीं पर जमा किया जाता है। पुलिस की ड्यूटी 24 घंटे लगी हुई है। मूल्यांकन केंद्र सीसीटीवी कैमरों से लैस है। हर कक्ष में कैमरे लगे हुए हैं।

**गर्ल्स स्कूल में हो रहा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन**



### मूल्यांकन केंद्र में मोबाइल व फोटोग्राफी प्रतिबंधित

मूल्यांकन केंद्र में मोबाइल पूर्णतः प्रतिबंधित हैं। कोई शिक्षक मोबाइल लेकर आता है, तो उसे स्वीच ऑफ करके रखना होगा। यदि मोबाइल चालू हालत में मिलता है तो पहली बार समझाइश दी जाएगी। दूसरी बार मोबाइल जब्त कर लिया जाएगा। मूल्यांकन केंद्र में फोटोग्राफी करना भी प्रतिबंधित हैं।

### सुबह से शाम तक चलेगा मूल्यांकन

मूल्यांकन का काम सुबह 10 बजे शुरू हो जाएगा। सभी शिक्षकों के अंदर आने के बाद 10.15 बजे मूल्यांकन केंद्र का गेट बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद कोई शिक्षक आता है तो उसे प्रवेश नहीं दिया जाएगा। शाम 6 बजे तक मूल्यांकन चलेगा। इस दौरान शिक्षक मूल्यांकन केंद्र से बाहर नहीं जाएंगे। मूल्यांकन केंद्र में ही कैंटीन की व्यवस्था है जहां पर शिक्षक भोजन कर सकेंगे। एक शिक्षक को प्रतिदिन 10 कॉपी जांचना अनिवार्य है। हर 10 मूल्यांकनकर्ता के सुपरविजन के लिए एक डिप्टी परीक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। डिप्टी परीक्षक के उपर मुख्य परीक्षक हैं। होली को छोड़कर बाकी अवकाश के दिनों में भी मूल्यांकन कार्य जारी रहेगा।

# होली से पहले उड़ने लगा रंग-गुलाल

### स्कूल, आफिस सहित अन्य स्थानों पर दिखे काले-पीले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रंगों का त्योहार होली की रौनक शुरू हो गई है। रविवार को छुट्टी होने के कारण स्कूलों में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने जमकर होली खेली। होली को लेकर बाजार भी सजकर तैयार है, जहां पर जमकर भीड़ नजर आई।

सोमवार को अंचल में होली का त्योहार उमंग और उत्साह से मनाया जाएगा। इसे लेकर रौनक शुरू हो गई है। रविवार को छुट्टी होने के कारण शनिवार को दफ्तर, स्कूल सहित अन्य संस्थाओं में जमकर रंग-गुलाल उड़ाए गए। बाजार में भी होली की खरीदारी शुरू हो गई है। रंग, गुलाल, पिचकारी की दुकानों के साथ राशन दुकानों में जमकर भीड़ नजर आई। होली की छुट्टियां शुरू हो गई है। बैंकों में होली पर तीन दिन की छुट्टी रहेगी, जिसे देखते हुए एटीएम में पर्याप्त कैश की व्यवस्था कर ली गई है। शनिवार को भी एटीएम में रुपए निकालने के लिए लोगों की भीड़ नजर आई।





### 110 स्थानों पर होलिका दहन



रंगोत्सव से पहले रविवार को होलिका दहन किया जाएगा। शहर के 40 वार्ड में 110 स्थानों पर होलिका दहन की तैयारी की गई है। एसपी आंजनेय वाष्णेय ने बताया कि होली पर जिले में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। थानों में सुविधा टीम का गठन किया गया है। सुविधा टीम में 10 पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई है। ये जवान बाइक से घूम-घूम कर हुड़दंगियों पर नजर रखेंगे। इसके अतिरिक्त हर थाने में पेट्रोलिंग टीम भी तैनात रहेगी। 15 जगहों को संवेदनशील एरिया के रूप में चिन्हांकित किया गया है जहां पर फिक्स पाइंट बनाकर जवानों की तैनाती की जाएगी।

### होली पर चंद्रग्रहण का साया नहीं

पं. रूपेश शास्त्री ने बताया कि होली पर 25 मार्च को मांद्य चंद्रग्रहण है। यह चंद्रग्रहण भारत अदृष्य होने के कारण मान्य नहीं है। होली पर चंद्रग्रहण का असर नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि होलिका दहन रविवार 24 मार्च को रात्रि 11.14 से 12.20 बजे के बीच किया जा सकता है।

# जिले में आप का कोई अस्तित्व नहीं

### आम आदमी पार्टी के समर्थन में झंडा उठाने वाला एक भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

एक दशक पहले भ्रष्टाचार के खिलाफ अन्ना हजारे के देशव्यापी आंदोलन से पैदा हुई आम आदमी पार्टी का जिले में कोई माई बाप नहीं रहा। भ्रष्टाचार के आरोप में फंसे आप के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के समर्थन में जिले के आप नेता सामने नहीं आ रहे हैं। कहा जा रहा है कि जिले में आम आदमी पार्टी का कोई अस्तित्व नहीं है।

उल्लेखनीय है कि जन लोकपाल विधेयक के निर्माण के लिए 5 अप्रैल 2011 को समाजसेवी अन्ना हजारे एवं उनके साथियों ने दिल्ली के जंतर-मंतर में आमरण अनशन आरंभ किया था जिसमें अरविंद केजरीवाल, किरण बेदी, प्रशांत भूषण, बाबा रामदेव जैसे दिग्गज लोग शामिल हुए थे। इसमें एक मजबूत भ्रष्टाचार विरोधी लोकपाल विधेयक की मांग की थी। तत्कालीन सरकार के नकारात्मक रवैये से इस अनशन ने देशव्यापी आंदोलन का रूप ले लिया। इस आंदोलन के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ आम आदमी पार्टी का उदय हुआ जिसके संयोजक अरविंद केजरीवाल बने। भ्रष्टाचार के खिलाफ मैदान में आए केजरीवाल की आप पार्टी को दिल्ली की जनता ने हाथोंहाथ ले लिया। इसके बाद देशभर में आप जनाधार बढ़ने लगी। जिले में भी अनेक लोगों ने आप का झंडा उठा लिया। सफेद टोपी के साथ आप का संगठन कई मुद्दों पर शासन-प्रशासन के खिलाफ आवाज बुलंद करते रहा।

आप से जुड़े कार्यकर्ता संजय, सत्यम, ऋषि, विकास आदि ने बताया कि आप की तरफ लोगों का झुकाव लगातार बढ़ रहा था। सन 2019 के विधानसभा चुनाव में तीनों विधानसभा से प्रत्याशी मैदान में उतरे। जनसमर्थन भी मिला लेकिन 2024 के विधानसभा चुनाव के आते तक आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में बिखराव आ गया। तीनों विधानसभा में आप का कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं उतरा।

आप के पूर्व जिलाध्यक्ष शत्रुघन साहू ने बताया कि सन 2020 में पार्टी छोड़कर वह ओबीसी संगठन से जुड़ गया। वर्तमान में आप का जिलाध्यक्ष कौन है, इसकी जानकारी नहीं है। आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ईडी द्वारा गिरफ्तार करने के विरोध में कोई भी नेता कार्यकर्ता सामने नहीं दिख रहा है। कहा जा रहा है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ मैदान में आई आम आदमी पार्टी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगने के बाद इस पार्टी से जुड़े लोगों ने भी अपनी दूरी बना ली है।

### चिटौद में फाग गायन एवं पंचरंगी 26 को

**पुरूर(धमतरी)।** होली पर्व पर ग्राम चिटौद में न्यू फाग एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा एक दिवसीय फाग गायन एवं पंचरंगी कार्यक्रम का आयोजन 26 मार्च को गोंड़वाना भवन त्रिमूर्ति चौक पर किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ जितेन्द्र यादव, शिशुपाल सिन्हा, दीपक गजेन्द्र, आरडी शोरी, रमेश जोगी, जीवनलाल ठाकुर, जागेश्वर निषाद, भूपेन्द्र तिवारी, तीरथ यादव, निर्मल साहू, छबिलाल साहू, जयेश कुमार करेंगे। समापन अवसर के अतिथि राजकुमार मालिकपुरी, प्रदीप रणसिंह, सांवत साहू, जितेन्द्र साहू, रूपराम नागवंशी, पुरूषोत्तम सिन्हा होंगे। कार्यक्रम में जय कृष्ण फाग मंडली ग्राम चिटौद, नवदुर्गा फाग एवं जस मंडली नरबदा, जय मां भवानी फाग एवं जस मंडली कुसुमकसा, सुर-सुरभि पंडवानी पार्टी मड़ेली फुलझर, राग अनुराग एवं छग लोक सांस्कृतिक धरोहर पिरित परवाना अरौद अपनी प्रस्तुति देंगे।

# पुलिस व प्रशासन की टीम ने किया शहर में फ्लैग मार्च



- त्योहारों व लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

त्योहारों व लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने व अपराधियों के मन में भय उत्पन्न करने पुलिस व प्रशासन की टीम ने शहर में पैदल मार्च किया।

आने वाले दिनों में होली व ईद का त्योहार है, वहीं आगामी लोकसभा चुनाव के चलते आदर्श आचार संहिता लागू है। इसे देखते हुए एसपी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन व एएसपी एवं एसडीएम के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च रत्नाबांधा से सदर बाजार होते हुए मकई चौक पहुंचा। फ्लैग मार्च त्योहारों एवं लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के उद्देश्य से निकाला गया। इससे असामाजिक तत्वों में भय पैदा होगा। वहीं आमजनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास की भावना जागृत होगी।

फ्लैग मार्च में एएसपी सुशील नायक, एएसडीएम विभोर अग्रवाल, यातायात डीएसपी मणिशंकर चंद्रा, प्रशिक्षु डीएसपी विकेश्वरी पिंदे, निगम आयुक्त विनय पोयाम, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, कोतवाली प्रभारी शरद ताम्रकार, अर्जुनी प्रभारी राजेश मरई, एसआई खेमराज साहू सहित बड़ी संख्या में पुलिस जवान शामिल रहे।

### एनएचएम दिल्ली की ज्वाईंट सेक्रेटरी ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

# ज्वाईंट सेक्रेटरी ने कहा-जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड का परफार्मेंस गुड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

एनएचएम दिल्ली की ज्वाईंट सेक्रेटरी ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। कमियां मिलने पर नाराजगी जताईं, वहीं प्रसव के मामले में मेटरनिटी वार्ड की सराहना की।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन दिल्ली की ज्वाईंट सेक्रेटरी आराधना पटनायक शुक्रवार की शाम अचानक जिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंच गईं। इस दौरान उन्होंने अस्पताल भवन, ओपीडी, मर्च्यूरी सहित वार्डों का निरीक्षण किया। अस्पताल परिसर में जगह-जगह हुए कंस्ट्रक्शन को लेकर नाराजगी जताई। वहीं अस्पताल के पुराने हो चुके भवन को देख चिंता जताई। सिविल सर्जन डा. टोंडर ने डाक्टरों के कार्य, अस्पताल में संचालित सुविधाओं सहित जिले के अन्य शासकीय अस्पतालों की जानकारी दी।



मेटरनिटी वार्ड के निरीक्षण के दौरान प्रसूता महिलाओं की ओपीडी व आईपीडी को बेहतर पाया। हर महीने अस्पताल में 500 से अधिक प्रसव होने की जानकारी मिलने पर ज्वाईंट सेक्रेटरी ने मेटरनिटी वार्ड के परफार्मेंस को गुड बताते हुए स्टाफ के कार्यों की सराहना की। प्रसव के आंकड़े को देख जिला अस्पताल के लिए शिशु-मातृत्व क्लिनिक, एमसीएच की आवश्यकता बताते हुए अस्पताल प्रबंधन से प्रपोजल भेजने के लिए कहा। जिला अस्पताल में एमसीएच शुरु करने का प्रपोजल मिलते ही स्वीकृति देने की बात कही। इससे प्रसूताओं को भी राहत मिलेगी। निरीक्षण पश्चात जिले में चलाए जा रहे टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की अधिकारियों से जानकारी लेकर बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए।

इस दौरान सीएमएचओ डा. मंडल, सिविल सर्जन डा. अरूण टोंडर, आरएमओ डा.राकेश सोनी, डा. खालसा, अस्पताल सलाहकार गिरीश कश्यप, मैटर्न पार्वती नेताम, डा. गुरूशरण साहू सहित अन्य चिकित्सक व स्टाफ उपस्थित थे।

हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**खबर संक्षेप**

## बस्तर के लिए दो उम्मीदवारों के नामांकन

**रायपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण के निर्वाचन के लिए बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए शुक्रवार दो उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार के रूप में आयतू राम मंडावी और कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के उम्मीदवार के रूप में फूल सिंह कचलाम ने आज अपना नामनिर्देशन पत्र जमा किया। इस सीट से भाजपा प्रत्याशी घोषित हो चुका है, लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी का नाम तय नहीं हो पाया है। प्रदेश में प्रथम चरण के मतदान अंतर्गत बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है।

## बसपा ने दो प्रत्याशी किए घोषित

**रायपुर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने छत्तीसगढ़ के दो लोकसभा क्षेत्रों से प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। पार्टी ने जांजगीर चांपा सुरक्षित सीट से डॉ. रोहित कुमार डहरिया को प्रत्याशी बनाया है। बस्तर लोकसभा सीट से आयतू राम मंडावी प्रत्याशी बनाए गए हैं। पार्टी ने राज्य की सभी 11 सीटों पर प्रत्याशी उतारने का फैसला किया है। अभी बाकी 9 प्रत्याशी घोषित होना बाकी है। बसपा के प्रदेश प्रभारी ओपी बाचपेयी ने हरिभूमि को बताया कि जाजंगीर चांपा सीट के प्रत्याशी डॉ. रोहित कुमार डहरिया वहां की बसपा जिला इकाई के अध्यक्ष हैं। वे लंबे समय से बसपा से जुड़े हैं, इसके साथ ही वे जांजगीर के जिला पंचायत उपाध्यक्ष भी हैं। इसी तरह बस्तर सीट से प्रत्याशी आयतू राम मंडावी भी लंबे समय से बसपा से जुड़े हैं।

**निधन**

## बिसौहाराम साहू




**मगरलोड।** ग्राम सौंगा निवासी बिसौहाराम साहू का आकस्मिक निधन 21 मार्च को हो गया। वे सरपंच भूषण साहू के दादा व तिहारू राम साहू के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। 23 मार्च को श्रद्धांजलि सभा रखी गई। नोहरित साहू, माखन साहू, दाऊलाल, नारायण, गंगाराम, तुला राम, हीरूराम, घनश्याम, जानकी समेत अनेक लोगों ने मृत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मगरलोड ब्लॉक के अधिकांश गांवों में घर-घर पहुंच रहा है पानी

# जल जीवन मिशन से बदली गांवों की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड





अति महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन पूरे भारत में चल रही है। कलेक्टर नम्रता गांधी द्वारा धमतरी जिले में हर घर नल-हर घर जल अभियान चलाया जा रहा है विकासखंड मगरलोड के ग्राम मेघा, हरदी, भेंडरी, परेवाडीह, बेलरदोना, खैरझीठी, सौंगा, खिसोरा, जोरातराई, मंदरौद सहित ब्लॉक के अधिकांश गांव में यह मिशन पूर्ण हो गया है। उपयोगिता जल- प्रमाण पत्र का वितरण किया गया है। यहां हर घर जल पहुंच रहा है।

जल जीवन मिशन से विकासखंड के गांवों की विभीषिका बदल रही है। पानी के लिए कई किलोमीटर का सफर और महिलाओं का सिर पर बर्तन रखकर पानी ढोने के नजारे अब गांव में नजर नहीं आते हैं। गांव में जल जीवन मिशन योजना से हर घर तक नल जल पहुंचाने के मिशन का यह असर है। जल जीवन मिशन से मगरलोड ब्लाक के ग्रामीणों के जीवन में खुशियां आई हैं। अब ग्रामीणों को गांव में रोज - रोज पानी के लिए श्रम नहीं करना पड़ता है। ग्रामीणों के घर में ही नल कनेक्शन है और नल से उन्हें घर पर ही जल मिल रहा है। इससे समय और श्रम की बचत होने से ग्रामीणों के जीवन का उन्नयन भी हो रहा है। पहले ग्रामीणों को पीने और निस्तारी के लिए पानी लाने खासी मेहनत करनी पड़ती थी। ग्रामीणों को कुओं और दूर दराज के जल स्त्रोतों से पानी ढोना पड़ता था जिसमें घर की महिलाओं और युवाओं का समय बर्बाद होता था। अब जल जीवन मिशन योजना से घर पर ही पर्याप्त और शुध्द पेयजल मिलने से ग्रामीण अपना समय और श्रम दूसरे कार्यों पर लगा पाते हैं।

जल जीवन मिशन में ई. आरके शुक्ला, एसडीओ पीएस गजेंद्र, आरसी सूर्यवंशी सहित पीएचई विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का सहयोग रहा।

### अब बार-बार बीमार भी नहीं होते

ग्राम भेंडरी निवासी ग्रामीण हेमंत साहू, प्रीतराम, देवागण, यादराम साहू ने बताया कि बचे हुए समय का सदुपयोग ग्राम की महिलाएं अब अपने बच्चों की बेहतर परवरिश में करती हैं। महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त भी हो रही हैं। बच्चों और युवाओं का समय बचने से वे स्कूल और कॉलेज जाकर अब बेहतर पढ़ाई कर पा रहे हैं। शुध्द पेयजल मिलने से लोग अब बार-बार बीमार भी नहीं होते हैं।

### पशुओं को भी पर्याप्त पानी मिल रहा

ग्राम मेघा जागेश्वर साहू, हलेश, इतवारी साहू ने बताया कि घर पर नल लगने से सुविधा हो गई है। पानी भरने में लगने वाला समय कम हो गया है। युवाओं को पढ़ने का पर्याप्त समय मिल जाता है। पशुओं को भी ग्रामीण घर पर ही पर्याप्त पानी उपलब्ध करा देते हैं।

# न्योता भोजन में स्कूली बच्चों ने खाया अंगूर, गुलाब जामुन व समोसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

शासकीय उच्च प्राथमिक अंग्रेजी माध्यम शाला मगरलोड में न्योता भोजन कार्यक्रम के तहत टोमेन्द्र साहू शिक्षक ने अपने पुत्र पुलकित साहू के जन्मदिवस पर सामाजिक सद्भाव का परिचय देते हुए बच्चों को पोषण आहार के तौर पर अंगूर, गुलाब जामुन एवं समोसा वितरित किया। न्योता भोजन की पहल से बच्चों में भोजन के प्रति रूचि बढ़ी है। इस दौरान प्रधानपाठक बीरेंद्र साहू, संकुल समन्वयक मेषराम सेन, शिक्षिका गीतांजलि साहू एवं अर्चना सोनवर्षा, शिक्षक प्रवेशसिंह ठाकुर उपस्थित थे।

# कुरूद में हास्य कवि सम्मेलन आज

- रायपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश के कवि अपनी रचनाओं से क्षेत्रवासियों को खूब गुदगुदायेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद




वन्देमातरम परिवार कुरूद द्वारा रंगों का पर्व होली के अवसर पर इस वर्ष भी होली की पूर्व संध्या पर 24 मार्च की रात्रि हास्य कवि सम्मेलन होली महोत्सव (रसरंग) का आयोजन किया गया है जिसमें छग के अलावा अन्य प्रांतों से एक से बढ़कर एक कवि शिरकत कर श्रोताओं को काव्यरस से भिगोएंगे।

आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए वंदेमातरम परिवार के अध्यक्ष भानु चन्द्राकर ने बताया कि पूर्व केबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक अजय चन्द्राकर के प्रयास से नगर में सांस्कृतिक गतिविधियों की कड़ी में इस बार भी रंगों का त्यौहार होली को आपसी भाईचारे और सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाने होलिका दहन की रात रविवार को हंसी ठहाकों से लोगों में उमंग का रंग भरने कुरूद के स्वामी विवेकानंद इंडोर स्टेडियम में रात्रि 7 बजे से होली रसरंग 2024 के तहत अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें रायपुर के हास्य कवि पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे, योगेंद्र शर्मा राजस्थान, गोविंद राठी मध्यप्रदेश अपनी रचनाओं से क्षेत्रवासियों को खुल कर हंसायेंगे। कार्यक्रम में खासतौर पर पूर्व केबिनेट मंत्री अजय चन्द्राकर मौजूद रहेंगे। विगत वर्षों की भांति इस बार भी क्षेत्रवासियों को काव्य रस में भिगोने यह आयोजन वंदेमातरम परिवार द्वारा किया जा रहा है जिसका इंतजार हर साल लोगों को रहता है।

बहरहाल रसिक श्रोताओं के साथ-साथ अतिथियों की व्यवस्था सहित कवि सम्मेलन को सफल बनाने वन्देमातरम परिवार के सदस्य तैयारी में जुटे हुए हैं।

# जबरदस्ती रंग गुलाल लगाने पर होगी कार्रवाई

- थाना प्रभारी व नायब तहसीलदार ने थाना परिसर में ली शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



होली पर्व को लेकर थाना परिसर में थाना प्रभारी राजेश जगत व नायब तहसीलदार दीपेंद्र पटेल की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक हुई।

थाना प्रभारी राजेश जगत ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लग चुकी है। होली आपसी भाईचारे, रंग गुलाल का त्योहार है। आचार संहिता लगने के कारण डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। किसी पर जब जबरदस्ती रंग गुलाल न लगाएं। त्योहार के दिन प्रेशर मोटरसाइकिल वाहन चालकों पर कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई घटना होती है तो तत्काल थाने में सूचित करें। थाना प्रभारी ने आगे कहा कि पर्व के दौरान हुड़दंगियों पर पुलिस की नजर रहेगी। देर रात तक चौक-चौराहों पर न रहें। नगर पंचायत क्षेत्र व ग्रामीण अंचल में चार पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ियां गश्त करती रहेंगी।

शांति समिति की बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खिलावन साहू, महाव्यापारी संघ अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, सचिव सुकदेव साहू, मैनसिंह हिरवानी, राजू चंद्राकर, लोकेश कंशारी, यादराम गायकवाड, सनत साहू, घनश्याम साहू, भीम यादव, कोमल यदु, झनेश्वर गजेन्द्र, पवन निषाद, नीलम साहू, ज्ञानदेव साहू, थाना स्टॉफ एएसआई नेहरू राम साहू, प्रधान आरक्षक रामदीन मरकाम, आरक्षक गोविंद घृतलहरे, किशन सोनकर, धर्मेन्द्र सोरी, नवीन टंडन, प्रीतम ध्रुव, सैनिक धरम निषाद, महेश सिन्हा आदि मौजूद रहे।

# रावनगुड़ा स्कूल में बच्चों ने खेली होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

शासकीय प्राथमिक शाला रावनगुड़ा में हर्षोल्लास के साथ होली मनाई गई। छात्र- छात्राओं ने एक दूसरे पर रंग लगाकर होली त्योहार की खुशियां बांटी। इस अवसर पर प्रधानपाठिका सुश्री सोहद्रा तारक, डुमन लाल बंजारे, रुसेंद्र तारक, रसोइया बृजबाई लहरे, मैना बाई साहू, भृत्य हीराराम समेत अन्य मौजूद थे।

# सिर्री क्षेत्र में होली पर्व को लेकर दिख रहा लोगों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री



सिर्री क्षेत्र में होली होली पर्व को लेकर दुकानों में रौनकता देखने को मिली है। 25 मार्च को होलिका दहन के पश्चात 26 मार्च को लोग विभिन्न रंगों से सराबोर नजर आएंगे। गांव की दुकानें रंग, गुलालों, पिचकारी आदि सामग्री से सज गई हैं। इस बार भीगुलाल, रंग और रंगबिरंगी पिचकारी के दाम में इजाफा हुआ है। गन जैसी पिचकारी, चश्मा, टोपी, मुखौटों की भारी मांग ग्राहकों द्वारा की जा रही है। उत्साह और उमंग में डूबे बच्चे पिचकारी की खरीदी करने पीछे नहीं हट रहे हैं।

सिर्री के रंग गुलाल और पिचकारी के विक्रेता कमलेश टंडन ने बताया कि इस बार रंगों और पिचकारियों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। उनके पास पचास रुपए से लेकर लगभग दो सौ रुपए तक की विभिन्न पिचकारी और रंग गुलाल उपलब्ध हैं। इसे खरीदने ग्राहकों की भीड़ लगनी शुरू हो गई है। होली अब महज एक दिन बचा हुआ है इसीलिए लोगों में त्योहार के प्रति काफी उत्साह देखा जा रहा है।

# घटुला स्कूल में हुआ न्योता भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



शासकीय माध्यमिक शाला घटुला में 88 बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन मोनू साहू द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत बच्चों ने पूरक पोषण आहार के तौर पर खीर, पूड़ी का आनंद लिया। पोषण आहार पाकर बच्चे खुश नजर आए। इस अवसर पर संस्था प्रभारी नरेश कौशल, श्रीमती रुक्मणी साहू, शिक्षक मनोज पटेल, शिक्षक अब्दुल अज़ीज मेमन, समन्वयक संजय रेड्डी उपस्थित थे।

## सियारीनाला के बच्चों ने किया डंडा नृत्य



**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला सियारीनाला के बच्चों ने होली पर्व पर डंडा नृत्य की प्रस्तुति दी।

# स्कूली बच्चों को केला-अंगूर बांटकर मनाया जन्मदिन



**बगदेही(धमतरी)।** प्राथमिक शासकीय एवं माध्यमिक शाला चोरभट्ठी में नरेन्द्र ने अपने पुत्र यश के जन्मदिन पर बच्चों को केला एवं अंगूर का वितरण किया। बच्चों इसका आनंद उठाया। इस दौरान स्कूल स्टाफ सहित पालकगण उपस्थित थे।



# पालकों ने कराया न्योता भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

शासकीय माध्यमिक शाला अटंग में शासन की योजना के तहत शुक्रवार को न्योता भोजन का आयोजन किया गया। स्कूलों में बच्चों को पौष्टिक भोजन देने और उसके प्रति रुचि बढ़ाने स्कूलों में न्योता भोज कराया जा रहा है। माध्यमिक शाला अटंग में पालक विनीता राजेश साहू, कविता धूषण साहू और डोमेश्वरी लिम्मन साहू ने बच्चों को खीर, पूड़ी परोसकर न्योता भोजन खिलाया।

इस अवसर पर धूषणलाल साहू सचिव ग्रामीण साहू समाज अटंग सहित माध्यमिक शाला की शिक्षिकागण लेकेश्वरी साहू, ओमकुमारी कंवर, नीलिमा इक्का, फुलेश्वरी बघेल उपस्थित थीं।

## महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने चिटौद में निकली जागरूकता रैली

# महिलाएं भी किसी क्षेत्र में पुरूषों से कम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरूर(धमतरी)




महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने एवं आम लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से गांव की मितानिनों ने स्कूली बच्चों के साथ ग्राम चिटौद में जागरूकता रैली निकाली।

ग्राम चिटौद की मितानिनों ने गांव की महिलाओं के साथ माध्यमिक शाला चिटौद से हाथों में तख्ती लेकर जागरूकता रैली निकाली जो गांव की विभिन्न गलियों में भ्रमण करते हुए विभिन्न नारे लगाये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाएं भी पुरूषों से कम नहीं हैं। सिर्फ हमारे सामाजिक ढांचा व उसकी सोच में फर्क है। महिलाएं भी आज बड़े-बड़े पदों पर रहकर कार्य कर रही हैं। लड़के व लड़कियों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। महिलाओं पर किसी तरह का अत्याचार नहीं होनी चाहिए। देश में महिलाएं जहां एक तरफ सफलता के नये आयाम छू रही हैं वहीं दूसरी तरफ कई महिलाएं आज अन्याय व हिंसा की शिकार भी हो रही हैं। आज भी कई महिलाएं घरेलू हिंसा सहने को मजबूर हैं। रैली का मुख्य मकसद लोगों की सोच को बदलना है। रैली में कलस्टर सविता साहू, शशिकला साहू, शिक्षिका रूक्मणी गजेन्द्र, खेमलता ठाकुर, रामेश्वरी साहू, मितानिन भागेश्वरी साहू, तुलसी जोगी, विद्या उईके, जानकी साहू, कामिनी साहू, सरस्वती भांडुलकर, चंद्रिका टांडे सहित ग्राम की महिलाएं काफी संख्या में शामिल हुई।

Pride of Dhamtari

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन, स्पाईन सर्जरी एवं हृदय रोग से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें



स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल, बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
डॉ. अक्षय बैद
MS, Mch, Neurosurgeon
ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ
29 मार्च 2024 शुक्रवार
पंजीयन आवश्यक - 9424942992
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## खबर संक्षेप



### सीएम साय को भेंट की मोदी मैजिक पुस्तक

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को अमित चिमनानी ने अपनी लिखित पुस्तक मोदी मैजिक भेंट की। इस अवसर पर सीएम श्री साय ने कहा कि भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी सीए अमित चिमनानी की किताब मोदी मैजिक के लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रदान करता हूं। निश्चित ही यह किताब जनमानस तक पहुंचकर पीएम मोदी के जनकल्याणकारी कार्यों को तथ्यों एवं आंकड़ों के साथ समझने में एक श्रृंखला का कार्य करेगी।

### व्यापारी संघ के सदस्यों ने किया भाजपा प्रवेश

रायपुर। कांग्रेस नेता अमर गिदवानी एवं तेजकुमार बजाज के नेतृत्व में कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के समक्ष कटोरा तालाब व्यापारी संघ, पूज्य सिंधी पंचायत कटोरा तालाब, उत्तर-दक्षिण विधानसभा एवं गोदड़ीधाम के लगभग 100 पदाधिकारियों ने भाजपा प्रवेश किया। इस दौरान रमेश कलश, सुरेश सहगल, विजय नागवानी, सर्वजीत सिंह चंढोक, लवली भाटिया, रितेश जसवानी, अक्षय सहगल, विवेक, अभिषेक बजाज, गगनदीप सिंह कोहली, जसप्रीत सिंह कोहली, राजकुमार पंजवानी, रवि पंजवानी, नरेश लहरवानी, सुरेश टहिल्यानी, पीयूष कोडवानी, विजय कोडवानी, वासु जोतवानी, महेश हरजानी, सुनील काशवानी, रॉकी काशवानी, जय पंजवानी, साहिल राजपूत, विक्की माखीजानी, राजू किंगरानी, कमल खूबचंदानी, राज बजाज, भावेश, नरेश परयानी आदि ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### मिष्ठान भंडार में गंदगी 7 हजार जुर्माना

रायपुर। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने जन शिकायत के आधार पर मालवीय रोड स्थित गुजराती मिष्ठान भंडार में सफाई का जायजा लिया। इस दौरान मिष्ठान भंडार में अपना आउटलेट नहीं बनवाने, हॉटल में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। यही नहीं, हॉटल का मलबा नाली में डाला जा रहा था। जन शिकायत सही मिलने पर संचालक को चेतावनी देते हुए 7 हजार रुपए जुर्माना करने निर्देश दिये। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जोन 3 के काली माता वार्ड और पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड के क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया।

### निर्माण सामग्री जब्त

रायपुर। नगर निगम जोन 1 ने वीर शिवाजी वार्ड में खमतराई मुख्य मार्ग का प्रत्यक्ष किया। इस दौरान सड़क पर निर्माणाधीन भवन के सामने भवन निर्माण सामग्री रेत, गिट्टी रखी पायी गयी। जोन कमिश्नर हितेश यादव के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता गजाराम कंवर की टीम ने भवन स्वामी भगतराम देवांगन से 1,000 रुपये सड़क बाधा शुल्क वसूला। सड़क पर रखी निर्माण सामग्री को जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क से जब्त किया गया।

### प्रतिबंध के बावजूद बाजार में बिक रहा होली मुखौटा



रायपुर। होली में मुखौटा की बिक्री और पहनना प्रतिबंधित है। इसके बावजूद राजधानी रायपुर के बाजार में कई थोक एवं चिल्हर दुकानों में मुखौटा बिक रहा है। इन दुकानों के विरुद्ध कार्रवाई करना तो दूर, इन दुकानों की पड़ताल तक नहीं की जा रही है। इसके कारण प्रतिबंधित मुखौटों की शहर में धड़ल्ले से बिक्री हो रही है।
शहर के उरला क्षेत्र में होली की कई चिल्हर दुकानें सजी हुई है। इन दुकानों में एक दुकान में मुखौटा बेचा जा रहा था। पुलिस ने इस दुकानदार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दुकान से बड़ी मात्रा में मुखौटा जब्त किया है।

---

भारत सरकार की ज्वाईंट सेकेटरी ने सिविल अस्पताल में देखी स्वास्थ्य सुविधाएं

# प्रसव कक्ष, ओटी, पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भारत सरकार की ज्वाईंट सेकेटरी श्रीमती आराधना पटनायक विकासखण्ड नगरी के दौरे पर रहीं। इस दरम्यान उन्होंने सर्वप्रथम सिविल अस्पताल नगरी का दौरा कर प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने पंजीयन कक्ष, प्रसव कक्ष, ओटी, वार्ड और पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बीपी, शुगर, कैंसर मरीजों की स्क्रीनिंग और फालोअप के बारे में जाना। उन्होंने संस्था के एनक्यूएएस, एसएक्यूएसएचवायए और कायाकल्प सर्टिफिकेशन के लिए प्रशंसा की। उन्हें बताया गया कि दूरस्थ अंचल में शिशु रोग विशेषज्ञ की आवश्यकता है जबकि यहां प्रत्येक माह 90 से 100 प्रसव हो रहा है। ओपीडी प्रतिदिन 350 से 400 है। यहां मॉड्यूलर ओटी भी है जहां विशेषज्ञ द्वारा विभिन्न प्रकार की सर्जरी की जा रही है l

इसी कड़ी में विश्व टीबी दिवस के कार्यकम में शामिल होकर टीबी मरीजों को फूड बास्केट तथा निक्षय मित्रों को प्रमाण-पत्र का वितरण किया। विकासखण्ड के भ्रमण के दरम्यान हेल्थ वेलनेस सेंटर गोरेगांव की भी विजिट की।




उन्होंने मातृत्व शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम और गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम की गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने उच्च जोखिम गर्भवती माताओं के नियमित फालोअप को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामों में बीपी, शुगर के मरीजों को नियमित दवाइयों की उपलब्धता और फालोअप पर फोकस के निर्देश दिए।

मौके पर आनंद साहू एसपीएम, डॉ एसके मंडल सीएमएचओ, कीर्ति बारा, स्टेट कंसल्टेंट अर्बन , डॉ प्रिया कंवर डीपीएम, श्रीकांत चन्द्राकर एनसीडी कंसल्टेंट, डॉ संजना अग्रवाल एसएचआरसी कंसल्टेंट डॉ डी ,आर ठाकुर बीएमओ, हितेन्द्र साहू बीपीएम उपस्थित थे।

---

# मतदान सामग्री वितरण एवं दलों की वापसी पर लगी अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी

**कलेक्टर ने निर्धारित समयावधि के 1 घंटा पूर्व उपस्थित होने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद एवं धमतरी तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा के लिए गठित मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए अधिकारी- कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा स्थित काउंटर नंबर 1 में सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय कुरूद अमित टण्डन, काउंटर नंबर 2 में पवन ताम्रकर, काउंटर नंबर 3 में विजयकुमार, काउंटर नंबर 4 में कौस्तुभ तिवारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। काउंटर नंबर 5 में सहायक प्राध्यापक शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी डॉ.रमेश देवांग, काउंटर 6 में मोहितकुमार, काउंटर 7 में प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवपुर प्रेमचन्द्र झा, काउंटर 8 में सहायक प्राध्यापक यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड डॉ. घनश्याम देवांगन, काउंटर 9 में प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल गुहाननाला जगदीश प्रसाद यादव और काउंटर 10 में प्राचार्य, सेजेस सिंगपुर विश्वंभर प्रसाद चंद्रा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।




लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद के काउंटर नंबर 1 में सहायक प्राध्यापक महर्षि वेदव्यास शासकीय महाविद्यालय भखारा डॉ.संजय शर्मा, कांउटर 2 में दिनेश नाग, काउंटर 3 में डॉ. अविनाश आर. निचत, काउंटर 4 में ग्रंथपाल शासकीय महाविद्यालय कुरूद भगतराम देवांगन, काउंटर 5 में सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय कुरूद हितनारायण टण्डन, काउंटर 6 में डॉ. ओमजी गुप्ता, काउंटर 7 में सहायक प्राध्यापक महर्षि वेदव्यास शासकीय महाविद्यालय भखारा डॉ.लेखराम डोंगरे, काउंटर 8 में व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रा नीलकमल साहू, काउंटर 9 में व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुदगुदा शेखरचंद्र ठाकुर तथा काउंटर 10 में व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बगौद महेन्द्र सोरी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया हैं।

लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी स्थित काउंटर नंबर 1 में सहायक प्राध्यापक शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी दानेश्वर साहू, काउंटर 2 में मधु माधव देव, काउंटर 3 में सहायक प्राध्यापक शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी डॉ. गौकरण जायसवाल, काउंटर 4 में अंकित बोधवानी, काउंटर 5 में सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय कण्डेल संजय पवार, काउंटर 6 में सहायक प्राध्यापक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद मनहरण सिंह साहू, काउंटर 7 में सहायक प्राध्यापक शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी राजेशकुमार, काउंटर 8 में व्याख्याता शासकीय हाईस्कूल देवरी सुरेश साहू, काउंटर 9 में व्याख्याता डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी आलोक मत्स्यपाल और काउंटर 10 में प्रदीप शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कलेक्टर नम्रता गांधी ने बताया कि मतदान दलों को 25 अप्रैल की सुबह 6 बजे डॉ.भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज रूद्री से सामग्री का वितरण किया जायेगा एवं 26 अप्रैल को शाम 6 बजे सामान वापस लिया जायेगा। उन्होंने अधिकारी- कर्मचारियों को निर्धारित समयावधि के 1 घंटा पूर्व अपने कार्य स्थल में उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं।

---

# छग सिक्ख संगठन की संगत तीर्थयात्रा पर महाराष्ट्र रवाना

- नादेड़ साहेब में आयोजित होलामल्ला में होगी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छग सिक्ख संगठन रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ की संगत को निःशुल्क श्री सचखंड हूजूर साहेब नादेड़ साहेब महाराष्ट्र की तीर्थयात्रा कराई जा रही है। 23 मार्च को बस धमतरी से राजनांदगांव के लिए रवाना हुई। बस को सरदार हरमिंदर सिंघ छाबड़ा, हरजीत सिंघ खालसा, ममता खालसा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छग सिक्ख संगठन की जिला विंग जसवंत ममता खालसा कौर ने बताया कि राजनांदगांव गुरुद्वारे में लंगर की व्यवस्था की गई है। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से बसें निकलकर राजनांदगांव में एकत्रित होंगी। वहां से सभी बसें एक साथ नादेड़ साहेब जाएंगी। नादेड़ साहेब में होलामल्ला (होली ) बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है। शस्त्र अभ्यास कर निहंग सिंघ अपना जौहर दिखाता है। संगत धूमधाम से होला मल्ला मनाती है एवं गुरु घर की खुशियां प्राप्त करती है और गुरुओं के दर्शन करती है। इसमें स. हरपाल सिंघ भामरा, इंद्रजीत सिंघ खालसा, दलजीत सिंघ चावला, बलविंदर सिंघ लवली, राजेंदर सिंघ होरा, रंजीत अरोरा, गुरमीत सिंघ टोनी, गुरचरण सिंघ टांक, चरणसिंघ अरोरा, मनमीत सिंघ होरा, बलजीत सिंघ भल्ला, मोनू सलूजा रायपुर निवासी व धमतरी से हरमिंदर सिंघ छाबड़ा, हरजीत सिंघ खालसा, गुरजोत सिंघ शैकी छाबड़ा, ममता खालस, प्रिन्स खनूजा सेवा में जुटे हैं।




---

# होली त्योहार के पूर्व मिला मनरेगा कर्मियों को वेतन



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

डिप्टी सीएम विजय शर्मा की पहल से होली पर्व के पूर्व मनरेगा कर्मियों को वेतन मिला। इसके लिए महासंघ ने उपमुख्यमंत्री का आभार जताया।

प्रदेश में 12500 मनरेगा कर्मियों को फरवरी माह तक शत प्रतिशत वेतन भुगतान होली पर्व के पूर्व किया गया। इससे पहले छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और डिप्टी सीएम एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा से वेतन दिलाने का आग्रह किया था। डिप्टी सीएम ने कर्मचारियों को त्वरित मानदेय जारी करने विभाग को निर्देशित किया था। इसी तारतम्य में प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं मनरेगा आयुक्त ने भारत सरकार से समन्वय कर प्रदेश के मनरेगा कर्मचारियों को त्योहार के पहले वेतन का भुगतान कर दिया गया। महासंघ के प्रांताध्यक्ष अजय क्षत्री ने होली पूर्व वेतन जारी करने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया है। मौके पर छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम कुर्रे, उपाध्यक्ष दिनेश साहू, महासचिव सुनील मिश्रा, संजीव साहू, राजू ठाकुर, अनिल वर्मा, कुलदीप सिंह, छन्नू महिलांगे, सोहन कुमार उपस्थित थे।

---

# रेत का अवैध परिवहन करते 4 हाइवा, 1 जेसीबी जब्त





हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में अवैध रेत खनन और अवैध भंडारण पर गौण खनिज प्रभारी ज्योति सिंह द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा रही है। नायब तहसीलदार ज्योति सिंह ने कुंडेल में अवैध परिवहन करते 4 हाइवा, 1 जेसीबी मशीन को जब्त किया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुंडेल में 194 हाइवा अवैध भंडारण रेत जब्त किया गया। रेत भंडारण हेतु विभागीय अनुमति नहीं ली गई थी। अवैध भंडारण पर कार्रवाई कर परिवहन में प्रयुक्त 4 हाइवा क्रमांक सीजी 07 सीआर 4135, सीजी 07 सी-4569 सहित दो अन्य हाइवा वाहन और जेसीबी मशीन को जब्त कर सरपंच के सुपुर्द किया गया है। इस कार्रवाई में राजस्व विभाग का सहयोग रहा।

---

# डोगेन्द्र ने आईआईटी जैम की परीक्षा उत्तीर्ण की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



डोगेन्द्र खरे

महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र डोगेन्द्र खरे ने प्रतिष्ठित आईआईटी-जैम की परीक्षा रसायन शास्त्र विषय में उत्तीर्ण कर महाविद्यालय के साथ क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने के बाद वे एमएससी के लिए आईआईटी व एनआईटी में प्रवेश ले सकते हैं। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा ने हर्ष जताया है। डोगेन्द्र ने अपनी सफलता का श्रेय रसायन शास्त्र के विभागाध्यक्ष हरविंदर सिंह कुर्रे, माता-पिता व महाविद्यालय परिवार को दिया है। ज्ञात हो कि महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभागद्वारा प्राचार्य के मार्गदर्शन में आईआईटी व सीयूईटी की परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है। एक छोटे से गांव डाही के किसान परिवार के डोगेन्द्र की इस सफलता से अन्य छात्र भी इससे प्रेरित हो रहे हैं।

---

# शक्ति केंद्र जितने सशक्त होंगे जीत उतनी बड़ी होगी : कविंद्र



- भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने भोथली में ली शक्ति केंद्र की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भारतीय जनता पार्टी में लोकसभा चुनाव प्रचार अब जोर पकड़ चुका है। प्रत्याशी का धमतरी विधानसभा में अब तक 4 दिन का प्रवास संपन्न हो चुका है। विधानसभा कोर ग्रुप, चुनाव प्रबंधन समिति सहित सभी मंडलों की बैठकें भी संपन्न हो चुकी हैं। पार्टी नेताओं का अब बूथ और शक्ति केंद्र में प्रवास शुरू हो चुका है। शुक्रवार को ग्राम भोथली में शक्ति केंद्र की बैठक लेने पहुंचे जिला भाजपा उपाध्यक्ष कविंद्र जैन ने पदाधिकारियों एवं बूथ के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शक्ति केंद्र जितना सशक्त होगा, जीत उतनी ही विशाल होगी। बैठक में आगामी 35 दिन की संपूर्ण कार्ययोजना बनाकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रतिदिन 20 घरों में संपर्क, कम से कम 50 लाभार्थियों से संपर्क, कम से कम 10 घरों में झंडा लगाने का कार्य, कम से कम 5 स्थानों पर दीवार लेखन का कार्य करने का संकल्प दिलाया गया। श्री जैन ने कार्यकर्ताओं को मोदी जी की सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से बताया साथ ही 3 महीने की प्रदेश की भाजपा सरकार में मोदी की गारंटी को पूरा करने का कार्य जैसे धान खरीदी प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रु प्रति क्विंटल की दर से करने, महतारी वंदन योजना के तहत 1000 रुपए प्रतिमाह महिलाओं के खाते में सीधे ट्रांसफर करने, 2 वर्ष का बकाया बोनस किसानों को देने तथा 18 लाख आवास स्वीकृत करने जैसे बड़े काम को आम जनता तक पहुंचाकर प्रत्येक बूथ में 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्य लेकर काम करने की अपील की। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी आनंद मेश्राम, संयोजक त्रिभुवन सनहरा, जनपद सदस्य पूर्णिमा बनपेला, सह संयोजक एवं ग्राम बलियारा के सरपंच हीरालाल ध्रुव, बूथ अध्यक्ष अशोक सिन्हा, सोनाराम साहू, पालकेश्वर साहू, पूर्व सरपंच हुलास राम साहू, सुखुराम यादव, अनिल ध्रुव, वरिष्ठ तुलाराम साहू, गिरधर सेन, रघुवीर सेन, रमेश कुमार साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

**डीएसपी चंद्रा के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने चलाया विशेष अभियान**

# मोडिफाइड साइलेंसर लगे बुलेट वाहनों पर हुई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर मोडिफाइड साइलेंसर लगे तीन बुलेट वाहनों पर कार्रवाई की है। वहीं बुलेट से मोडिफाइड साइलेंसर को जब्त कर लिया है।

सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं सुगम व सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने एसपी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में यातायात डीएसपी मणिशंकर चंद्रा ने शुक्रवार को वाहनों में अनावश्यक परिवर्तन करने वाले चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान मोडिफाइड सायइलेंसर से पटाखे की आवाज निकालते हुए वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग की गई। 20 से अधिक बुलेट वाहनों को रोककर जांच की गई जिसमें से 3 बुलेट में मोडिफाइड साइलेंसर पाया गया। पुलिस ने बुलेट चालक के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए बुलेट से मोडिफाइड साइलेंसर को निकाल कर जब्त किया गया। पर्यावरण संरक्षण व ध्वनि प्रदूषण को रोकने यातायात पुलिस की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। यातायात पुलिस ने आमजनों से अपने वाहन में मोडिफाइड साइलेंसर नहीं लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता प्रदान करने की अपील की है।



**खबर संक्षेप**




## होली के रंग में सराबोर हुए शिक्षक व छात्र

**कोर्रा-भखारा।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला भोथीपार में उत्साह के साथ होली पर्व मनाया गया। शिक्षकों ने बारी-बारी से होली पर्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने होली गीत प्रस्तुत किया। इसके पश्चात सभी होली के रंग में सराबोर हो गए। इस अवसर पर प्रधानपाठक टीकाराम सिन्हा, राम बगस गंगबेर, हिरेन्द्र सोनबेर, सनातन साहू, सुरेन्द्र साहू, सतीश चंद्र साहू, श्रीमती खिलेश्वरी सेन, सुश्री दामिनी कंवर, सुश्री भाग्यश्री समेत अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रधानपाठक ने कहा कि होली का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए। यह भाईचारे का पर्व है।

## डुबान में निकली मतदाता जागरूकता रैली



**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हाईस्कूल अरौद डुबान में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को अपने मत का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। बैनर, तख्ती, बैंड बाजा एवं माइक लेकर रैली निकाली गई। रैली में बच्चों के साथ उत्तम कुमार गंगवीर संकुल समन्वयक, भुवन प्रसाद सोरी, उत्तम कुमार जांगड़े, शिवशंकर तेता, उर्मिला ध्रुव, अर्चना एक्का, सरिता नेताम शामिल हुए। रैली में संकुल प्रभारी ह्रदय राम जुर्री, कौशिल्या कोमरे रोजगार सहायक, मालती नेताम अध्यक्ष शाला प्रबन्धन समिति का सहयोग रहा। रैली ने बस्ती का भ्रमण किया।

## मतदाता जागरूकता की दिलाई शपथ

धमतरी। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में होली त्योहार के साथ लोग चुनाव पर्व भी मना रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में होली मिलन कार्यक्रम के साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महाविद्यालयों में जहां विद्यार्थियों ने मतदान की शपथ ली वहीं स्वीप कोर कमिटी सदस्य जानकी गुप्ता द्वारा शिव शक्ति महिला समाज सेवीसंस्था, ऑल इंडिया लीनेस क्लब , छत्तीसगढ़ महतारी संस्था के सदस्यों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने भी रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।

7 साल की उम्र में तिरंगा लेकर सिंध प्रान्त में अखंड भारत के जयकारे लगाते रहे

# नगर के कालिका चौक में शहीद हेमू कलाणी की मूर्ति का हुआ अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के कालिका चौक में शहीद हेमू कलाणी की मूर्ति का अनावरण किया गया। पूज्य सिंधी पंचायत समाज के मुखी चंद्रलाल जसवानी, चेतन हिंदूजा, मोहन लालवानी, दिलीप पटेल, सत्यवान यादव सहित कई लोगों ने शहीद हेमू कलाणी द्वारा देश की आजादी में दिए गए उनके योगदान को याद किया।

समाज के मुखी चन्द्रलाल जसवानी ने कहा कि हेमू कलाणी बचपन से ही देश भक्ति से ओत-प्रोत थे। महज 7 साल की उम्र में ही तिरंगा झंडा लेकर वह अविभाजित भारत के सिंध प्रान्त में घूम-घूम कर अखंड भारत के जयकारे लगाते रहे। बचपन से ही हेमू के आदर्श भगत सिंह रहे। भारत को नुकसान पहुंचाने के लिए अंग्रेजों द्वारा ट्रेन से बम गोले लाए जाने की जानकारी मिलने पर हेमू ने ट्रेन की पटरियां उखाड़ने का फैसला लिया। अंग्रेजों को इस बात की भनक लग गई और अंग्रेजी हुकूमत ने हेमू कलाणी को गिरफ्तार कर लिया। 31 जनवरी 1942 को उन्हें फांसी दे दी गई। वे हंसते-हंसते फांसी पर झूल गए। फांसी के वक्त उनकी मां की आंखों में आंसू नहीं वरन खुशी थी कि उनका पुत्र देश के काम आया। उनकी माता को पंजाब माता की उपाधि दी गई थी।

कार्यक्रम का संचालन समाज के सभापति संतोष तेजवानी एवं आभार युवा विंग के अध्यक्ष मनीष वाधवानी ने किया। मौके पर समाज के उपाध्यक्ष किशोर चरवानी, रामू वाधवानी, महेश रामरख्यानी, अशोक डुंबवानी, अशोक वाधवानी, सुरेश वारल्यानी, हंसराज मुलवानी, किशनचंद नागवानी, दरयानमल वाधवानी, जगत मूलवानी, भगवान दास चावला, अर्जुनदास जसवानी, नरेश जसूजा, कैलाश कुकरेजा, अशोक चरवाणी, सचिन चुगवानी, राजेश पंजवानी, दौलत वाधवानी, इंदर रामरख्यानी, मनोज मखीजा, दिलीप पटेल, जयराम पटेल, सत्यवान यादव, संजय धमेजा समेत अन्य उपस्थित थे।

# वार्डवासियों ने किया पार्षद प्रकाश सिन्हा का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गिरौदपुरी में होने वाले साते पर्व के अवसर पर मकेश्वर वार्ड में जोड़ा जैतखाम निर्माण एवं पालो चढ़ाया गया। इस कार्य में पार्षद प्रकाश सिन्हा का विशेष सहयोग रहा। इस विशेष कार्य के लिए वार्ड के सतनामी समाजजनों ने पार्षद प्रकाश सिन्हा को शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान सर्वसम्मति से भण्डारी लोकनाथ गेंडरे, सहयोगी महंगू लहरे, साटीदार के लिए रामायण लहरे का नाम तय कर नवनिर्मित जोड़ा जैतखाम के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर श्यामबाई जोशी, गैंदा बारले, कुसुम सोनवानी, गणेशिया डहरे, सतन मारकण्डे, सुमित डहरे, मालती सोनवानी, सीता बंजारे, चंदरो गेंडरे, लता कोसरे, संगीता लहरे, सरिता लहरे, शारदा कोसरे, धनेश्वरी चतुर्वेदी , शैलेन्द्री चतुर्वेदी, अमरीका नवरंगे, राधा नवरंगे, बेदुम खरे, पूर्णिमा जोशी, अमरलाल बांधे, गुलापा, चुरामन बंजारे, कुमारी लहरे, गीता खरे सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

# चुनाव कार्य में सेक्टर अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका

- जिले की तीनों विधानसभा में सेक्टर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को तीनों विधानसभाओं धमतरी, कुरूद और सिहावा में प्रशिक्षण दिया गया। जनपद पंचायत धमतरी, कुरूद और नगरी में आयोजित इस प्रशिक्षण में सेक्टर अधिकारियो को सौंपे गए रूट चार्ट और मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन की जानकारी निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करने कहा गया। जनपद पंचायत धमतरी में आयोजित प्रशिक्षण में एसडीएम धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल ने कहा कि चुनाव कार्य में सेक्टर अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्हें मतदान के 7 दिन पहले मजिस्ट्रेट की शक्ति प्रदान की जाती है। उन्होंने सभी 28 सेक्टर अधिकारियों को उन्हें आबंटित मतदान केन्द्रो का निरीक्षण कर बुनियादी सुविधाओं-बिजली, पानी, शौचालय, रेम्प, छाया, नेट कनेक्टिविटी आदि का सत्यापन करने और मरम्मत, सुधार की आवश्यकता होने पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रस्तुतीकरण के जरिए सेक्टर अधिकारियों के दायित्वों एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही मतदान पूर्व, मतदान दिवस एवं मतदान के बाद किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया गया। उन्हें यह भी सुनिश्चित करने कहा गया कि मतदान केन्द्रों 200 मीटर के दायरे में किसी राजनीतिक दल का कार्यालय नहीं होना चाहिए। सेक्टर अधिकारियों को अधिकृत वाहनों से ही ईवीएम मशीन ले जाने, मतदान दलों की सहायता, मतदान प्रतिशत की जानकारी भेजने, मतदान के बाद मतदान सामग्री जमा कराने, मतदाताओं के बीच ईवीएम एवं वीवीपेट के बारे में जागरूक करने, चयनित मतदान केन्द्रो में वेब कॉस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने, संवेदनशील मतदान केन्द्रों में विशेष सतर्कता बरतने सहित उनके संपूर्ण दायित्वों के बारे विस्तार से बताया गया।

## कुरुद विस की चुनाव संचालन समिति गठित

**धमतरी।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना ने कुरुद विधानसभा स्तरीय चुनाव संचालन समिति का गठन किया है। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मोहन लालवानी को चुनाव संचालन समिति का संयोजक नियुक्त किया गया है वहीं विधानसभा प्रत्याशी रहीं तारिणी चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष कांति सोनवानी, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी लक्ष्मीकांता साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष शारदा साहू, पूर्व उपाध्यक्ष अ.ज.जा. आयोग छ.ग. राजकुमारी दीवान, सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभात राव मेघावाले, प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी नीलम चंद्राकर, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी भरत नाहर, सभापति जिला पंचायत गोविंद साहू, सभापति जिला पंचायत सुमन संतोष साहू, सदस्य जिला पंचायत कुसुमलता तोषण साहू, महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी प्रमोद साहू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद जानसिंह यादव, अध्यक्ष अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरूद आशीष शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा राजू साहू, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मगरलोड डीहूराम साहू, सभापति जनपद पंचायत मगरलोड डॉ गिरीश साहू, अध्यक्ष जिला युवा कांग्रेस नरेंद्र सोनवानी, विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस देवव्रत साहू चुनाव संचालन समिति में सदस्य हैं।

# नुक्कड़ नाटक के जरिए बताया गया मतदान का महत्व

**जिला धमतरी-वोट सर्वोपरि के नारे लगाए, दिलाई मतदान की शपथ**



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नेहरू युवा केन्द्र के सदस्यों द्वारा नगर के ह्रदयस्थल घड़ी चौक में नुक्कड़ नाटक और प्रहसन के जरिए मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान इन सदस्यों ने बुजुर्ग, श्रमिक, कामकाजी महिला, युवा, नये मतदाताओं को नाटक प्रस्तुत कर वोट के महत्व को समझाया और शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान 'जिला धमतरी-वोट सर्वोपरि' के नारे जोर-शोर से लगाए गए।

इस मौके पर शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कार्यक्रम में नगरनिगम आयुक्त विनय पोयाम, एसडीएम धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप डॉ.शैलेन्द्र गुप्ता सहित ग्रीन आर्मी की महिलाएं, नेहरू युवा केन्द्र के सदस्य आकाश गिरी गोस्वामी, लक्ष्मी नारायण सिन्हा, संकेत कुमार, वेदप्रकाश, रामसिंह, महेश, देवेन्द्र, चैतन्य, सुनील, भूपेन्द्र कुमार उपस्थित थे।

# ऑनलाइन मार्केट से हो रहा व्यापार चौपट

- विहिप-बजरंग दल ने कार्रवाई के लिए उप मुख्यमंत्री, जिले के प्रभारी मंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल धमतरी के कार्यकारणी पदाधिकारियों ने शदाणी दरबार रायपुर में आयोजित प्रांतीय बैठक में जिले में की जा रही समस्त गतिविधियों से प्रांतीय पदाधियारियों को अवगत कराया। बताया कि जिले में ऑनलाइन मार्केट के कारण आपराधिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। नशीली दवाइयां, धारदार तेज हथियार सरलता से ऑनलाइन मार्केट द्वारा डिलीवरी बॉय के माध्यम से मिल रहा है। इसके कारण जिले में 12 से 20 वर्ष आयु तक के बच्चों में नशे की लत और आपराधिक मानसिकता लगातार बढ़ रही है। ऑनलाइन मार्केट की वजह से समाज का एक बड़ा वर्ग फर्जीवाड़े का शिकार भी हो रहा है। ई- कॉमर्स के कारण स्थानीय व्यापारियों के व्यापार में 80 फीसदी तक गिरावट आ चुकी है।

जिले के कार्यकर्ताओं ने व्यापारियों की समस्या को देखते हुए ऑनलाइन मार्केट को पूरी तरह बंद करवाने की मांग की। इसी तारतम्य में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, जिला कार्याध्यक्ष दीपक ठाकुर, जिला मंत्री रामचंद देवांगन ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा को इस मामले में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने पत्र प्रेषित किया।









## घड़ी चौक में भक्त माता कर्मा की होगी महाआरती

# मां कर्मा जयंती पर निकलेगी बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की 1008 वीं जयंती धूमधाम से मनाई जायेगी। जिला साहू संघ एवं तहसील साहू समाज शहर धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में भक्त माता कर्मा जयंती की पूर्व संध्या पर 4 अप्रैल गुरुवार को विशाल स्कूटी, बाइक रैली का आयोजन किया गया है। रैली दोपहर 3 बजे गवर्नमेंट स्कूल मैदान से प्रारंभ होकर बिलाईमाता मंदिर, सदर बाजार, घड़ी चौक ,सिहावा चौक, बठेना चौक से वापस घड़ी चौक, रत्नाबांधा चौक, अंबेडकर चौक से भक्त माता कर्मा चौक गोकुलपुर वार्ड में संपन्न होगी। यहां भक्त माता कर्मा की महाआरती पश्चात प्रसादी का वितरण किया जाएगा। 5 अप्रैल को भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन परिक्षेत्र स्तर पर होगा। तहसील साहू समाज शहर धमतरी के सातों परिक्षेत्रों द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। दानीटोला परिक्षेत्र, गोकुलपुर परिक्षेत्र, रामसागरपारा परिक्षेत्र, बठेना परिक्षेत्र, जालमपुर परिक्षेत्र आयोजन को सफल बनाने तैयारियों में जुट गए हैं। इसी कड़ी में हटकेशर परिक्षेत्र व सोरिद परिक्षेत्र साहू समाज द्वारा 5 अप्रैल को संध्या 5 बजे भक्त माता कर्मा की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी जो लालबगीचा, रायपुर रोड से मकई चौक में संपन्न होगी। संध्या 7:30 बजे घड़ी चौक में भक्त माता कर्मा की महाआरती एवं खिचड़ी का वितरण होगा।

## निकलेगी झांकी, सौंपी जिम्मेदारी



**धमतरी।** हटकेशर एवं सोरिद-जोधापुर परिक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में भक्त कर्मा माता की जयंती 5 अप्रैल को मनाई जायेगी। जिला साहू संघ के महासचिव एवं भक्त कर्मा माता जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष यशवंत साहू ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भक्त कर्मा माता जन्मोत्सव समिति का गठन किया गया है। सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। जयंती महोत्सव के 1 दिन पूर्व दोपहर 3:30 बजे एकलव्य खेल मैदान परिसर से भव्य बाइक रैली निकाली जाएगी। समाजजन सामाजिक ध्वज लेकर भक्त कर्मा माता के जयकारे लगाते हुए शहर भ्रमण करेंगे। 5 अप्रैल को हटकेशर बाजार चौक से भक्त कर्मा माता की झांकी के साथ आकर्षक शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा दोपहर 3:30 बजे निकलेगी। शहर भ्रमण करने के पश्चात घड़ी चौक में भक्त कर्मा माता की महाआरती होगी।

